# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

भोपाल, दिनांकः 07 /01/2019

क्रमांकः 510/भण्डार/2019

## उत्तरपुस्तिका क्रय हेतु सीमित निविदा

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की परीक्षाओं के उत्तरपुस्तिका क्रय हेतु सीमित निविदा आमंत्रित की जाती हैं। यह सीमित निविदा दिनांकः 10-01-2019 (कार्यालयीन समय) तक **कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल** के नाम से भेजे। यह सीमित निविदाएं स्पीड पोस्ट से **उप-कुलसचिव (भण्डार) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, होशंगाबाद रोड, भोपाल** के पते पर निम्नांकित विवरण अनुसार प्रस्तुत करें। सीमित निविदा के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए ''उत्तरपुस्तिका क्रय हेतु सीमित निविदा''।

| सं.क्रं. | विवरण | संख्या लगभग | उत्तरपुस्तिका की दर प्रति नग | कुल राशि रूपये में |
|---|---|---|---|---|
| 01 | मुख्य उत्तरपुस्तिका 32 पृष्ठ (सीमित निविदा में दिए स्पेसिफिकेशन अनुसार) | 1-00 लाख | | |
| | कुल योग | | | |

टीपः- उत्तरपुस्तिकाएं भण्डार क्रय नियम के अंतर्गत् रूपये 5-00 लाख के अन्दर क्रय की जाना है।

कुलसचिव

**नियम तथा शर्तेः-**

(1) **अनुभवः-** फर्म द्वारा पिछले तीन वित्तीय वर्षो (2017-18, 2016-17, 2015-16) में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयो/शैक्षणिक संस्थाओं में उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य किया गया हो, जिसमें न्यूनतम 01 लाख उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य प्रतिवर्ष किया हो। सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /प्रमाण पत्र संलग्न करें।

(2) **इनकम टैक्सः-** तीन असेसमेंट वर्ष (2018-19, 2017-18, 2016-17) का ITR की प्रति संलग्न करें।

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

(3) **प्रत्येक पृष्ठः–** निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्र के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें।

(4) **प्रमाण पत्रः–** संस्था/फर्म/कम्पनी का

(क) वैध जी0एस0टी0 (GST) नंबर की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से भी प्रस्तुत करें।

(ख) आयकर (PAN) नंबर की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से भी प्रस्तुत करें।

(घ) वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति ऑन–लाईन पद्धति से भी प्रस्तुत करें।

(5) **सेम्पलः–** निविदाकर्ता को निविदा के साथ 70 जी0एस0एम0 क्रीमवोव पेपर सेम्पल का एक पृष्ठ प्रस्तुत करना अनिवार्य हैं। उत्तरपुस्तिका का सेम्पल बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के भण्डार शाखा में देखा जा सकता है।

(6) निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 9001:2015 जीवित अथवा अद्यतन प्रमाण–पत्र होना चाहिए।

(7) निविदाएं निरस्तः–

3.11 निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जावेगा।

(8) निविदाकर्ता फर्म की जिम्मेदारीः–

(अ) उत्तरुपस्तिकाएं विश्वविद्यालय द्वारा स्वीकृत स्पेसिफिकेशन के अनुसार कार्य पूर्ण कर प्रदान करने पर ही स्वीकार की जावेगी। आदेशित सामग्री स्पेसिफिकेशन के अनुरूप न होने या निर्धारित गुणवत्ता से कम होने पर निविदादाता को उनके व्यय पर वापस की जाएगी। उत्तरपुस्तिका के कागज का तकनीकी मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा सफल निविदाकर्ता फर्म के व्यय पर करवाया जाएगा एवं प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर फर्म को भुगतान किया जाएगा।

(ब)उत्तरपुस्तिका मुद्रण में लगने वाले कागज एवं अन्य सामग्रियों की व्यवस्था निविदाकर्ता फर्म द्वारा की जाएगी।

(स) उत्तरपुस्तिका प्रदाय की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगी।

(9) **विश्वविद्यालय की जिम्मेदारीः–**

उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ पर मुद्रित होने वाला मैटर विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

(10) वित्त संबंधीः–

(अ) दरें कर रहित (Without tax) होगी। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी निविदा प्रपत्र में देवें।

(ब) आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत किये गये देयकों के भुगतान पर नियमानुसार टी0डी0एस0 एवं नियमानुसार किए जाने वाले अन्य करों की कटौति/भुगतान की जावेगी।

(11) दण्ड अधिरोपणः–

(अ) **कार्य सन्तोषजनक न होनाः–** कार्य सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है । इसमें जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौति का अधिकार कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

(ब)सामग्री में त्रुटिः–

(i) 01 जी.एस.एम. की कमी तक बिल की राशि का 3% की कटौति की जावेगी।
(ii) 02 जी.एस.एम. की कमी तक बिल की राशि का 6% की कटौति की जावेगी।
(iii) 03 जी.एस.एम. की कमी तक बिल की राशि का 9% की कटौति की जावेगी।



भण्डार अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

इससे अधिक जी.एस.एम. की कमी पर इसी अनुपात में कटौति की जावेगी।

(स) **विलम्बः–** विश्वविद्यालय द्वारा दिए गए आदेश की तिथि के 15 दिवस के अन्दर निविदा में सफल फर्म को उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य संपादित करना होगा। यदि उत्तरपुस्तिका प्रदाय का कार्य समय सीमा में पूर्ण नहीं किया जाता है तो निम्नानुसार प्रस्तुत बिल से कटौति की जावेगीः–

| | | |
|---|---|---|
| (i) | 07 दिवस विलम्ब | बिल की 5% राशि की कटौति की जावेगी। |
| (ii) | 08 से 15 दिवस के विलम्ब | बिल की 10% राशि की कटौति की जावेगी। |
| (iii) | 15 दिवस से अधिक विलम्ब | बिल की 15% राशि की कटौति की जावेगी। |

(द) **निविदाकर्ता द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने परः–** निविदाकर्ता एजेन्सी द्वारा दी गई जानकारी एवं प्रमाण पत्रों के गलत पाये जाने पर निविदाकर्ता ऐजेन्सी के विरूद्ध विश्वविद्यालय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

(अअ) **अन्य शर्तो का पालन न करनाः–**उक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त निविदा की शर्तो का पालन न करने पर कटौति का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

**(12) कुलपति / बरकतउल्ला विश्वविद्यालय के विशेषाधिकार :–**

(i) निविदाकारों द्वारा दी गई वित्तीय दर समान होने पर विश्वविद्यालय स्व विवेक से पैरामीटर / प्रक्रिया निर्धारित कर सफल निविदाकर्ता के निर्धारण हेतु निर्णय लेने के लिए अधिकृत होगी। इस संबंध में किसी का दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।

(ii) निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation)का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

(iii) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पास किसी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को पूर्ण या आंशिक रूप से किसी भी स्तर पर स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने के सभी अधिकार सुरक्षित है।

(iv) निविदाकर्ता तथा विश्वविद्यालय के मध्य कोई विवाद अथवा भ्रम की स्थिति उत्पन्न होने पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल का निर्णय अंतिम होगा जो दोनो पक्षों का मान्य होगा।

(v) निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होंगे।

(vi) न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

**(12) उत्तरपुस्तिका प्रदाय की समय सीमा :–**

(i) विश्वविद्यालय द्वारा कार्यादेश जारी करने की दिनांक से 10 दिवस के अन्दर उत्तरपुस्तिकाएं निविदा मे सफल फर्म द्वारा विश्वविद्यालय को प्रदान करना आवश्यक होगा।

## उत्तरपुस्तिका का स्पेसिफिकेशन निम्नांकित है

उत्तरपुस्तिका :–

(i) प्रत्येक उत्तरपुस्तिका का आकार ए–4 तथा लेण्ड स्केप होना चाहिए।
(ii) उत्तरपुस्तिका का कागज 70 जी.एस.एम. का क्रीमवोव होना चाहिए।
(iii) उत्तरपुस्तिका के अन्दर के पृष्ठों पर 19 क्षैतीज एक ऊपर बोल्ड लाइन होना चाहिए।
(iv) उत्तरपुस्तिकाओं के मुख्य पृष्ठ पर मेटर आफसेट से मुद्रण होना चाहिए।
(v) उत्तरपुस्तिकाओं के बांये ओर ऊपर पृष्ठ पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का मोनो मुद्रित होना चाहिए।
(vi) उत्तरपुस्तिकाओं के अंदर दायी ओर पृष्ठ क्रमांक गोले में मुद्रित होना चाहिए।
(vii) उत्तरपुस्तिकाओं की मशीन से सिलाई बाइंडिग होना चाहिए।
(viii) बोल्ड खडी लाईन के अन्दर पृष्ठ में प्रश्न क्रमांक का बाक्स 2 सेमी X 1.5 सेमी का बना होना चाहिए। इसके बाद BU BHOPAL मुद्रित होना चाहिए। तत्पश्चात अंक लिखने का बाक्स 2 सेमी X 1.5 का होना चाहिए।



भण्डार अधिकारी (प्रभारी)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

(ix) उत्तरपुस्तिकाओं के मुख्य पृष्ठों पर परीक्षार्थियों के लिए निर्देश एवं अन्य प्रारूप विश्वविद्यालय सफल निविदाकर्ता को उपलब्ध करायेगा।

(x) उत्तरपुस्तिकाओं में निर्धारित स्थान पर उत्तरपुस्तिका क्रमांक अंकित होना चाहिए।

(xi) उत्तरपुस्तिका में बायी ओर ऊपर एक होल पंच होना चाहिए।

(xii) <u>उत्तरपुस्तिका का मुख्य पृष्ठ पर एक रंग काला अन्य दूसरा रंग आवश्यकतानुसार आदेश देते समय निर्धारित किया जाएगा।</u>

(xiii) उत्तरपुस्तिकाओं के निम्नांकित पृष्ठ होना चाहिए :–

(i) मुख्य उत्तरपुस्तिका 32 पृष्ठ (कवर पृष्ठ सहित)

(ii) प्रायोगिक / पूरक उत्तरपुस्तिका 12 पृष्ठ (कवर पृष्ठ सहित)

<u>मुख्य पृष्ठ :–</u>

मुख्य पृष्ठ स्टेण्डर्ड फारमेट में होना चाहिए। जिसे परीक्षा परीणाम बनाने वाली फर्म द्वारा मशीन से आप्टिकली रीड किया जा सकें। मुद्रण के उपरान्त प्रिन्ट की स्याही मिटना नहीं चाहिए। <u>मुख्य पृष्ठ एक जगह से परफोरेटेड रहेगा</u>। मुख्य पृष्ठ का साईज ए–4 (लेण्डस्केप) होना चाहिए। मुख्य पृष्ठ में बारकोड चिपकाने के लिए जगह होना चाहिए एवं नम्बर, छात्र का रोल नम्बर, इनरोलमेन्ट नम्बर, परीक्षा का नाम, विषय का नाम, प्रश्नपत्र का नाम, परीक्षा दिनांक आदि सम्मिलित होना चाहिए। मुख्य पृष्ठ के पृष्ठ भाग में परीक्षार्थी / वीक्षक / परीक्षक के लिए निर्देश होने चाहिए। जिसका प्रारूप विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जावेगा।

## <u>प्रमाण–पत्र</u>

प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त निविदा में दर्शित शर्तों के अनुसार विश्वविद्यालय को उत्तरपुस्तिका प्रदाय कार्य को पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल